


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 25 नवम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक


वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 86 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# स्वहित से पहले राष्ट्रहित

## सदियों के घाव भर गए, 'प्रतीक्षा-साधना' के प्रवाह को मिला विराम



### ● रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के 673 दिन बाद आज प्रधानमंत्री ने राम मंदिर के शिखर पर किया धर्मध्वज का आरोहण

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के 673 दिन बाद आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बटन दबाकर राम मंदिर के शिखर पर धर्मध्वज का आरोहण किया, तो राम मंदिर पूर्णता की ओर अग्रसर हो गया। इस ऐतिहासिक क्षण में प्रधानमंत्री मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, संत समाज तथा वहां उपस्थित सभी भक्त भाव-विभोर हो उठे। ऐसा प्रतीत हुआ मानो सदियों का इंतजार समाप्त हो गया हो। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज सदियों के घाव भर गए हैं।' वहीं, संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि आज करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था साकार हो गई है। लगभग दो किलो वजनी केसरिया ध्वजा जब 161 फीट ऊंचे शिखर पर लहराई, तो मानो रामलला के मंदिर की पूर्णता का उस क्षण दिव्य उद्घोष हो गया। इस पवित्र पल में ऐसा प्रतीत हुआ मानो सदियों से चल रही 'प्रतीक्षा-साधना' का प्रवाह आज विराम को प्राप्त हो गया हो। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पूरा विश्व राम मय हो गया है। उन्होंने कहा कि राम विनम्रता में महाबल का प्रतीक हैं, राम एक दिशा हैं एक मर्यादा हैं। बकौल पीएम, हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहना है। कोविदार हमारी अस्मिता की वापसी का प्रतीक है। अपनी विरासत पर गर्व करें और गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पानी है। उन्होंने कहा कि हमें आगामी दस वर्ष में मैकाले की गुलामी से मुक्ति पानी होगी। हम आजाद हुए पर गुलामी की मानसिकता से मुक्ति नहीं पा सके। पीएम मोदी ने कहा कि आज अयोध्या नगरी, भारत की सांस्कृतिक चेतना के एक और उत्कर्ष बिंदु की साक्षी बन रही है। हर राम भक्त के मन में आज अपार संतोष, अलौकिक प्रसन्नता है। सदियों की वेदना आज विराम पा रही है। सदियों का उन्होंने कहा कि जो संकल्प एक पल को भी डिगा नहीं, एक पल को टूटा नहीं, आज धर्म ध्वजा पुनर्प्रतिष्ठापन से वह संकल्प परिपूर्ण हुआ। ध्वज के बारे में पीएम मोदी ने कहा कि भगवा रंग, सूर्य वंश की थापी, प्रतीक चिन्ह प्रतिष्ठित हुआ है। यह धर्म ध्वजा प्रतिष्ठापित करेगा, जो लोग किसी कारण मंदिर नहीं आ पाते और दूर से धर्म ध्वजा को प्रणाम करते हैं, उन्हें भी उतना ही पुण्य मिल जाता है। उन्होंने कहा कि विश्व के करोड़ों करोड़ राम भक्तों को आज प्रणाम है। निर्माण से जुड़े हर श्रमिक, कारीगर, शिल्पकार, वास्तुकार को प्रणाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना संबोधन सियावर रामचंद्र की जय से प्रारंभ किया।

### निकला एक किमी लंबा रोड शो

प्रधानमंत्री मोदी एक किलोमीटर लंबा रोड शो भी किया। 12 जगहों पर उनका स्वागत किया गया। सात जगह पर सांस्कृतिक मंच बनाए गए हैं, जहां लोक कलाकार अपने गायन व नृत्य से स्वागत किया। प्रधानमंत्री के रोड शो के स्वागत के लिए जगह-जगह सांस्कृतिक मंच बनाए गए थे।

### पीढ़ियों की प्रतीक्षा आज साकार हुई

'एतिहासिक ध्वजारोहण के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज पीढ़ियों की प्रतीक्षा आज साकार हुई। उन्होंने कहा कि देश आज नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यह राम मंदिर करोड़ों की आस्था का प्रतीक है।

## ऑटो और ट्रक की टक्कर में पांच की मौत, कई घायल

**शेखपुरा।** शेखपुरा-सिकंदरा मुख्य मार्ग पर आज मंगलवार की सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा मनिंडा गांव के पास उस समय हुआ, जब एक तेज रफ्तार ट्रक और ऑटो की आमने-सामने टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो पर सवार सभी यात्री शेखपुरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने अचानक संतुलन खो दिया और जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटनास्थल पर ही चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल ने सदर अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अन्य गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहां कई की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जुट गए।

## ज्वालामुखी की राख दिल्ली पहुंची एअर इंडिया की 11 उड़ानें रद्द

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया के हेली गुब्बी ज्वालामुखी में विस्फोट के बाद राख का गुबार हवा के साथ उड़कर लाल सागर की तरफ फैल रहा है। इथियोपिया का हेली गुब्बी ज्वालामुखी 12 हजार साल बाद अचानक फट गया। इस विस्फोट से उठने वाली राख और सल्फर डाइऑक्साइड करीब 15 किमी ऊंचाई तक पहुंच गई। यह लाल सागर पार करते हुए यमन और ओमान तक फैल गई। यह राख इथियोपिया से 4300 किमी दूर भारत के राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली-एनसीआर और पंजाब तक फैल गया। गुबार की वजह से एअर इंडिया ने अपनी 11 उड़ानें रद्द कर दी थीं।

## मुस्कान ने बेटी को जन्म दिया

**मेरठ।** नीले ड्रम में पति की लाश सीमेंट से दफन करने वाली मुस्कान रस्तोगी ने बेटी को जन्म दिया है। डॉक्टरों ने 24 नवंबर की शाम 6.50 बजे नॉर्मल डिलीवरी कराई। खास बात यह है कि मुस्कान जिस पति सौरभ की हत्या में जेल में बंद है, उसका जन्म भी 24 नवंबर को ही हुआ था। यह मुस्कान की दूसरी बेटी है। बड़ी बेटी पीहू अपने नाना-नानी के साथ रहती है। 23 नवंबर की रात मुस्कान का जेल के डॉक्टरों ने चेकअप किया। फिर अल्ट्रासाउंड के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।


# आ रही ठिठुराने वाली ठंड

## अगले सप्ताह 10 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है पारा

### ● चक्रवाती तूफान की भी बन रही स्थिति

**नई दिल्ली।** नवंबर का महीना लगभग बीतने वाला है। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बाद उत्तर भारत में सर्दियों ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। वहीं, बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान की स्थिति बन रही है। अगले 24 घंटे के भीतर अंडमान सागर में मौसम अचानक करवट ले सकता है। आज बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। 25-27 नवंबर तक तमिलनाडु, केरल और माहे में भी तेज बरसात का अनुमान जताया गया है। उत्तर प्रदेश में ज्यादातर हिस्सों में तापमान सामान्य से कम हो गया है। इस लिस्ट में कानपुर, इटावा, बाराबंकी, मेरठ, बरेली, मुरादाबाद और मुजफ्फरनगर का शामिल है। अगले हफ्ते तक तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से भी कम हो सकता है। बढ़ती ठंड के साथ बिहार के कई हिस्से कोहरे के चपेट में आने लगे हैं। पटना समेत आसपास के कई जिलों में सुबह की शुरुआत कोहरे के साथ हो रही है।






# पेशावर बम धमाकों का प्रतिशोध

### ● पाकिस्तान का अफगानिस्तान के रिहायशी इलाके में हमला, नौ बच्चों सहित दस की मौत

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत में पाकिस्तानी सेना ने देर रात हमला किया, जिसमें 9 बच्चों और एक महिला की मौत हो गई। अफगान तालिबन के प्रवक्ता जबीह-उल्लाह मुजाहिद ने मंगलवार को इस संबंध में जानकारी दी। 'कल रात 12 बजे खोस्त प्रांत के गेरबज़्वो जिले में पाकिस्तानी हमलावर सेना ने एक लोकल एरिया स्थित विलायत खान के घर पर बमबारी की, जिसमें 9 बच्चे (5 लड़के और 4 लड़कियां) और एक महिला की मौत हो गई और उनका घर तबाह हो गया।' इतना ही नहीं, पाकिस्तान ने कुनार और पक्तिका प्रांतों में भी छापे मारे, जिसमें चार आम लोग घायल हो गए। ये हमला पाकिस्तान के पेशावर में सोमवार को हुए दो सुसाइड बम धमाकों के बाद हुए, जिसमें 3 पैरामिलिट्री जवानों की मौत हो गई थी। अक्टूबर में भी पाकिस्तान और अफगानिस्तान सेनाओं के बीच झड़प हुई थी, जिसमें कई लोग मारे गए थे।

## विस्तारवादी फितरत से बाज नहीं आ रहा चीन

**नई दिल्ली।** चीन की विस्तारवादी नीति किसी से छिपी नहीं है। अब चीन की नजर तिब्बत से सटे क्षेत्रों पर है। चीन तिब्बत के पास मौजूद LAC पर अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। इस दौरान चीनी सेना रसद से लेकर कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने और सीमा पर ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं पहुंचाने की कोशिश में लगा है। भारत और चीन सीमा विवाद को लेकर कई बार आमने-सामने आ चुके हैं। 2017 के डोकलाम संघर्ष से लेकर 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद दोनों देशों के रिश्ते सामान्य होने के कयास लगाए जा रहे हैं। मगर, इसी बीच सीमा पर चीन की बढ़ती भागीदारी सवाल खड़े कर रही है।

## हंगामा न हो, ठीक से चले संसद, सरकार ने रखा 30 नवंबर को सर्वदलीय बैठक का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लगातार हंगामे की भेंट चढ़ रहे संसद सत्र को ठीक ढंग से चलाने के लिए सभी विपक्षी दलों को बातचीत के लिए साथ लाने की कोशिश शुरू कर दी है। इसी कड़ी में संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने 30 नवंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। केंद्र सरकार इसके जरिए शीत सत्र की कार्यवाही को ठीक ढंग से चलाने को लेकर सहमति बनाने की कोशिश करेगी। बता दें कि संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है और सरकार इस बार 10 नए विधेयक (बिल) पेश करने की तैयारी में है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है 'परमाणु ऊर्जा विधेयक, 2025', जो देश के नागरिक परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का रास्ता बनाएगा। अब तक यह क्षेत्र पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में रहा है। सरकार का कहना है कि यह नया कानून परमाणु ऊर्जा के उपयोग और उसके नियमन से जुड़े ढांचे को आधुनिक और प्रभावी बनाएगा। इससे देश में ऊर्जा उत्पादन और तकनीकी विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 25 नवम्बर, मंगलवार, 2025 (3)


छाया : जनमुख डेस्क






# SIR में लापरवाही नहीं!



**● गणना प्रपत्रों का वितरण, वापसी और डिजिटाइजेशन के कार्यों का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, तकनीकी प्रक्रियाओं के प्रत्येक चरण में सावधानी बरतने का दिया सख्त निर्देश**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने मंडुवाडीह में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत चल रहे गणना प्रपत्रों के वितरण कार्य, उसकी वापसी एवं डिजिटाइजेशन के कार्यों का औचक निरीक्षण किया और उस क्षेत्र के सुपरवाइजर व बीएलओ से अद्यतन प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इस संबंध में उन्होंने आस पास के लोगों से गणना प्रपत्र के मिलने और फॉर्म भरकर जमा करने आदि के बारे में पूछा और लोगों को जागरूक किया। उन्होंने लोगों से कहा कि यह अभियान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है,जिसका उद्देश्य त्रुटिरहित और अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना है एसआईआर फॉर्म भरने की प्रक्रिया में बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। आप सभी मतदाता गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को जमा कर सकते हैं। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 04 दिसंबर निर्धारित की गई है। जिलाधिकारी ने निर्वाचन में नियुक्त कार्मिकों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी और कर्मचारी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करें। लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आमजन से अपील की कि वे अपने गणना प्रपत्र जल्द से जल्द जमा करें। उन्होंने कार्मिकों से कहा कि फॉर्म भरने, संग्रहित करने और तकनीकी प्रक्रियाओं के प्रत्येक चरण में सावधानी बरती जाए। सूची मिलान भी सही तरीके से किया जाए।

## आधी रात मां विंध्यवासिनी मंदिर को उड़ाने की धमकी



**● देर रात से सुबह तक पुलिस ने खंगाला परिसर**

**● अष्टभुजा-कालीखोह की सघन जांच**

**मिर्जापुर।** विश्व विख्यात आदिशक्ति मां विंध्यवासिनी मंदिर को सोमवार की आधी रात बम से उड़ाने की धमकी पुलिस को मिली। 112 पर कंट्रोल रूम को धमकी मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स बम डिस्पोजल स्क्वाड के साथ विन्ध्याचल पहुंची। देर रात तक विन्ध्यवासिनी मंदिर सहित, अष्टभुजा, कालीखोह मंदिरों की सघन जांच की गई। दूसरी तरफ फोन के माध्यम से ट्रेस कर धमकी देने वाले प्रयागराज निवासी युवक को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। लखनऊ कंट्रोल रूम ने यह जानकारी मिर्जापुर कंट्रोल रूम को आधी रात को दी। बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स, बम निरोधक दस्ता सहित रात 12:15 से लेकर रात्रि 2:00 बजे तक मां विंध्यवासिनी मंदिर,काली खोह मंदिर व मां अष्टभुजा देवी मंदिर प्रांगण में बम में तलाशी ली गई। इस दौरान सुरक्षा, सूचना और पुलिस के विभिन्न अंग मौजूद रहे। संयुक्त रूप से सघन अभियान चलाया गया।

## कार के धक्के से मोपेड सवार की मौत

**● पत्नी और पोता घायल**

**● घटना के बाद भाग निकला चालक**


मोपेड सवार संतलाल यादव उर्फ कंकड़ (50) की मौत होने के साथ ही मोपेड पर सवार पत्नी राधा देवी व आठ माह का मासूम

**वाराणसी।** कछवां-कपसेठी मार्ग पर मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे अर्टिगा कार की टक्कर से मोपेड सवार संतलाल यादव उर्फ कंकड़ (50) की मौत होने के साथ ही मोपेड पर सवार पत्नी राधा देवी व आठ माह का मासूम नाती अमन घायल हो गया। दुर्घटना के बाद कार को छोड़कर चालक भाग निकला। कार को पुलिस कब्जे में ले ली है। मिर्जामुराद थानांतर्गत जोगियापुर गांव निवासी खेती-किसानी का काम करने वाले संतलाल यादव उर्फ कंकड़ अपने मासूम पोते अमन को दवा दिलवाने हेतु पत्नी राधा संग घर से मोपेड पर सवार होकर छतेरी जा रहे थे। घर से एक किमी दूर निकल वह जैसे ही कछवांरोड मार्ग पर घुमे थे कि जोगियापुर के पास ही कपसेठी की ओर से आ रही तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने पीछे से मोपेड में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से संतलाल की मौके पर ही मौत हो गयी। वह हेलमेट नहीं पहने थे। हादसे में घायल पत्नी को बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती किया गया है, जबकि मासूम को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

### राम मंदिर ध्वजोत्सव के अवसर पर काशी में हवन-पूजन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के मुख्य शिखर पर दिव्य भगवा धर्म ध्वजारोहण की शुभ घड़ी पर पूरे देश में श्रद्धा और उत्सव का वातावरण रहा। इसी पावन अवसर को समर्पित करते हुए नमामि गंगे काशी क्षेत्र की ओर से पवित्र सिद्धेश्वरी परिसर में विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया गया। महर्षि योगी वेद विज्ञान विद्यापीठ के वेदपाठी बटुकों के मंत्रोच्चारण और वैदिक विधि-विधानों के साथ यह पूजन कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास और भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमुदाय ने प्रभु श्रीराम के विवाहोत्सव तथा राम मंदिर के मुख्य शिखर पर भगवा धर्म ध्वज के आरोहण के इस ऐतिहासिक अवसर को दिव्य अनुष्ठानों के माध्यम से मनाया।

### चिरई गांव में मनाया गया स्वर्वेद महामन्दिर का 102वां वार्षिकोत्सव

**वाराणसी।** चिरईगांव में स्थित स्वर्वेद महामन्दिर धाम, उमरहा में अध्यात्म महोत्सव का आयोजन विहंगम योग सन्त-समाज का 102वाँ वार्षिकोत्सव एवं 25000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ एक भव्य समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव के रूप में मनाया गया। यह दिव्य आयोजन 25 एवं 26 नवम्बर 2025 (मंगलवार एवं बुधवार) को संपन्न हुआ, जिसने लाखों श्रद्धालुओं को अध्यात्म की ओर आकर्षित किया। यह महायज्ञ विहंगम योग के प्रणेता अनन्त श्री सद्गुरु सदाफलदेव जी महाराज की आध्यात्मिक विरासत और उनके द्वारा रचित अमर ग्रंथ 'स्वर्वेद' के ज्ञान को समर्पित था।

### चुनार के जामा मस्जिद में लगी आग तोड़-फोड़ के भी पाये गये निशान

**चुनार (मीरजापुर)।** मोची टोला स्थित जामा मस्जिद में मंगलवार की भोर करीब ढाई बजे संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। घटना अचानक होने से मस्जिद के भीतर रखी सामग्री कुछ ही मिनटों में जलने लगी। पीरवाजी शहीद निवासी साहिल उधर से गुजर रहा था, जिसने आग की लपटें देख मस्जिद में रहने वाले पेश इमाम को सूचना दी और दोनों ने करीब तीन से सवा तीन बजे के बीच आग बुझाई। मौके पर मौजूद साहिल ने बताया कि उसे मौके से दो तीन युवक भागते दिखे।

## एसआईआर को लेकर बूथस्तर की बैठक संपन्न



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस.आई.आर) के संबंध में डीठोरी महाल (अर्दली बाजार) शक्ति केंद्र पर सोमवार को महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि की अध्यक्षता में महानगर पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक बीएलए 2 की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष ने कहा शक्ति केंद्र हमारी महत्वपूर्ण इकाई है। एक शक्ति केंद्र पर तीन पदाधिकारी काम कर रहे हैं । 30 नवंबर तक हर हाल में इस कार्य को अवश्य पूरा कर लें। महानगर अध्यक्ष ने बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक एवं बीएलए 2 को फटका पहनाकर सम्मानित किया। बैठक में चंद्रशेखर उपाध्याय ने अभी तक एसआईआर पर बूथ पर हुए कार्यों के बारे में वृत्त लिया। धन्यवाद प्रकाश मधुकर चित्रांश ने किया। बैठक में बागेश्वरी मंडल अध्यक्ष मनोज सोनकर, महामंत्री सत्य प्रकाश जायसवाल, मनोज विश्वकर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक अभिनव रघुवंशी, नीरज सिंह, मंडल मंत्री शशांक शर्मा, बूथ अध्यक्ष प्रतिभा गुप्ता, बीएलए 2 अभिनय रघुवंशी, बूथ अध्यक्ष कृष्णकांत गुप्ता, जेपी सिंह, रणजय सिंह, अवधेश राय, संजय कुमार, प्रमील पाण्डेय आदि रहे।

### अहिंसा दिवस के रूप में मनाया गया टी.एल. वासवानी का जन्म दिवस

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम, वाराणसी द्वारा साधु टी0एल0 वासवानी के जन्म दिवस 25 नवम्बर को नगर क्षेत्र में सभी मीट मुर्गा की दुकानों को बन्द करने का आदेश निर्गत किया गया। पशु कल्याण अधिकारी डा0 संतोष पाल के द्वारा जारी आदेश के अनुसार साधु टी0एल0 वासवानी के जन्म दिवस 25 नवम्बर को अभय दिवस अथवा अहिंसा दिवस के रूप में मनाये जाने के दृष्टिगत नगर निगम वाराणसी सीमान्तर्गत स्थित पशुबध पूर्णतया प्रतिबंधित रहा।

### धर्मेंद्र के निधन पर विश्वकर्मा महासभा ने जताया शोक

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने धर्मेंद्र के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि (धर्म सिंह देओल) धर्मेंद्र भारतीय सिनेमा के जाने-माने और लोकप्रिय अभिनेता, निर्माता थे। हिंदी सिनेमा में उनके योगदान के लिए फिल्म-फेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला। भारत सरकार द्वारा उन्हें 2012 में भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

## राउंड स्क्वेयर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में पहुंचे चार देशों के 130 प्रतिनिधि

**● सनबीम स्कूल, लहरतारा में किया गया आयोजन**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सनबीम लहरतारा में 21 से 23 नवम्बर तक राउंड स्क्वेयर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया गया जिसके तहत आयोजित तीन दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में साउथ एशिया एवं गल्फ क्षेत्र सहित चार देशों के 60 राउंड स्क्वेयर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के 130 प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता की। यह कॉन्फ्रेंस राउंड स्क्वेयर की सीईओ रशैल वेस्टगार्थ (यूके), स्कूल सपोर्ट डायरेक्टर राजबीर संधू तथा एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट सारा मैक्गिल के निर्देशन में संचालित हुआ। यह फ़ोरम विशेष रूप से दक्षिण एशिया और खाड़ी क्षेत्र के राउंड स्क्वेयर सदस्य विद्यालयों के स्कूल प्रमुखों एवं राउंड स्क्वेयर समन्वयकों के लिए आयोजित किया जाता है। तीन दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य विद्यालय नेतृत्व को वार्षिक मंच उपलब्ध कराना है। जहाँ वे शिक्षा से जुड़े उत्कृष्ट अभ्यास, नवीन रणनीतियाँ साझा कर सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ सनबीम शिक्षण समूह के अध्यक्ष डॉ. दीपक मधोक एवं उपाध्यक्ष भारती मधोक ने किया। अंत में, सनबीम शिक्षण समूह के मानद निदेशक हर्ष मधोक एवं सहायक निदेशिका प्रतिमा गुप्ता ने सभी प्रतिनिधियों को सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया तथा सहयोग बनाए रखने का संकल्प पुनः दोहराया।

## वयस्कों जैसे क्रियाकलाप वाले नाबालिग को भी मिलेगी सज़ा

**● मानव तस्करी में दो महिलाओं सहित सात को उम्रकैद, किशोर को 10 साल की कैद के साथ लगाया जुर्माना**

**वाराणसी।** मानव तस्करी और बच्चा चोरी करके बेचने के मामले में फास्ट ट्रैक प्रथम के न्यायाधीश कुलदीप सिंह की अदालत ने सोमवार को फैसला सुनाया। अदालत ने दो महिलाओं शिखा और सुनीता देवी सहित सात दोषियों संतोष गुप्ता, मनीष जैन, महेश राणा, मुकेश पंडित, महेश राणा को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 15-15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। साक्ष्यों की कमी के चलते मामले से नौ आरोपियों को बरी कर दिया गया। वहीं, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने इसी मामले में एक नाबालिग को दस साल की सजा सुनाई। अदालत ने उसपर छह हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। सजा सुनाते वक्त अदालत ने कहा कि दोषी की उम्र भले ही 15 साल है लेकिन उसकी सोच और क्रियाकलाप वयस्कों जैसे हैं इसलिए सजा जरूरी है। नाबालिग मंडुवाडीह थानाक्षेत्र के शिवदासपुर का रहने वाला है। उसे बाल सुधार गृह भेजा गया है। नाबालिग को संतोष के साथ ही पकड़ा गया था।




## जूनियर-सीनियर कैरम टूर्नामेंट 11 से 13 दिसंबर

**● ढाई सौ से ज्यादा खिलाड़ी करेंगे भागीदारी**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** चौदहवीं स्वर्गीय दुर्गावती देवी इंटर स्कूल जूनियर सब जूनियर और सीनियर कैरम प्रतियोगिता 11 से 13 दिसंबर के बीच सिंह निकेतन मलदहिया में सम्पन्न होगी। वाराणसी कैरम एसोसिएशन और सिंह मेडिकल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूलों के 12,14 और 18 आयु वर्ग के बालक बालिका दोनों वर्ग के खिलाड़ियों के साथ-साथ सीनियर वर्ग के महिला वर्ग के खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष और प्रवक्ता रमेश कुमार वर्मा ने बताया है नाक आउट आधार पर खेली जाने वाली इस तीन दिवसीय कैरम प्रतियोगिता में दो दर्जन से ज्यादा विद्यालयों के लगभग दो सौ बालक बालिका खिलाड़ियों के साथ सीनियर वर्ग के भी पचास महिला पुरुष खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने का आमंत्रण एसोसिएशन की ओर से भेजा जा रहा है।

### मां शाकम्बरी की 64 दिवसीय ध्वजा पदयात्रा का वाराणसी में स्वागत



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** कुलदेवी मां शाकम्बरी की 64 दिवसीय ध्वजा पदयात्रा कोलकाता से शकराय धाम 28 अक्टूबर से 3 जनवरी शाकम्बरी माता की यात्रा में रथ में अद्भुत झांकी ध्वजा पदयात्रा साथ चल रहे हैं। मुख्य रूप से संदीप भोतिका, नीरज सुल्तानिया व मनोज अग्रवाल आदि भक्त ध्वजा लेकर माता का गुणगान करते चल रहे हैं। प्रतिदिन 20 से 35 किलोमीटर की दुरी तय करते हैं। 24 नवम्बर को यात्रा बनारस पहुंचने पर शाकम्बरी परिवार काशी के सदस्य बड़ी संख्या में यात्रा का स्वागत किया। संस्था के संस्थापक शिवकुमार मितल व आनन्द लड़ियां ने सभी को सम्मानित किया। संरक्षक रमेशजी चौधरी ने आरती की। माता की चुनरी व सजावट अशोक निधी शोरेवाल ने किया। प्रसाद व्यवस्था महेशजी चौधरी सुरेशजी तुलस्यान, नारायण अग्रवाल सोनू चिरानिया रिंकू सर्राफ ने सहयोग किया । यात्रा आज 25 नव. को सुबह 7 बजे आरती के बाद आगे के लिए प्रस्थान गयी।

जनमुख परामर्श मंडल : **एस. कुमार** राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया, **संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज, **श्रीनारायण खेमका**, अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, **वी.के.जैन**, अध्यक्ष-जैन मिलन, वाराणसी, **डा. एस.के.पाठक** वरिष्ठ चिकित्सक, **डा. नीलम ओहरी** स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रधान सम्पादक **ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**, समाचार सम्पादक **सरोज सिन्हा**, स्वात्वाधिकारी व स्वामी **ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'** द्वारा **'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस'** से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 **काशीराज अपार्टमेंट** नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित। रजि.33134/78. फोन : 0542-2500324 9336929544, Email : janmukh.vns@gmail.com

## सोनभद्र समाचार

### अरहर के खेत में फेंकी मिली नवजात बच्ची

**सोनभद्र।** शाहगंज थाना क्षेत्र के ओबराडीह में सोमवार की दोपहर बाद अरहर के खेत में नवजात बच्ची फेंकी मिली। पुलिस की सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम उसे लेकर थाने पहुंची। जरूरी औपचारिकता पूरी करने के बाद उसे मेडिकल कॉलेज स्थित एसएनसीयू लेकर पहुंची। वहां उसका उपचार-देखभाल की जा रही है। 27 दिन के भीतर नवजात बच्ची मिलने की यह दूसरी घटना है।

शाहगंज क्षेत्र के ओबराडीह गांव में दोपहर ढाई बजे कुछ लोग खेत की तरफ गए थे। अरहर के खेत से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। नजदीक जाकर देखा तो नवजात पड़ी थी। ग्रामीणों ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के जरिये इसकी जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन को दी गई। जिला समन्वयक मुकेश कुमार की अगुवाई में पहुंची टीम बच्ची को लेकर शाहगंज थाने पहुंची। वहां उसे गर्म कपड़े उपलब्ध कराने के बाद मेडिकल कॉलेज स्थित एसएनसीयू ले जाया गया। जिला समन्वयक मुकेश कुमार ने बताया कि जिस वक्त बच्ची पाई गई, उससे महज दो घंटे पहले उसका जन्म होने का अनुमान है। किन हालात में उसे अरहर के खेत में छोड़ दिया गया था, यह पता नहीं चल पाया है। बच्ची स्वस्थ है। जरूरी उपचार और समुचित देखभाल के लिए उसे एसएनसीयू में भर्ती कराया गया है। महज 27 दिन के भीतर नवजात बच्ची मिलने की यह दूसरी घटना है। 28 अक्तूबर को राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के इको प्वाइंट के पास प्री-मेच्योर बच्ची फेंकी पाई गई थी, जिसकी रविवार को उपचार के दौरान मौत हो गई।

## सुल्तानपुर समाचार

### प्रपत्र भरवाने के लिए शहर के हर बूथों पर शिविर शुरू

**सुल्तानपुर।** विधानसभा के विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में तेजी लाने के लिए शहर के प्रत्येक बूथों पर शिविर आयोजित करने की शुरुआत की गई है। शिविर का प्रचार करके मतदाताओं के गणना प्रपत्र भरवाए जा रहे हैं।

बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं। शहर में सभी मतदाताओं का गणना प्रपत्र चार दिसंबर के पहले भर कर जमा कराने के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन व उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव शुक्ल के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सदर ने प्रत्येक बूथों पर रविवार से शिविर आयोजित करना शुरू किया गया है। सोमवार को लगे शिविरों का राजनीतिक दलों के एजेंटों, बूथ लेवल अधिकारियों व अन्य के जरिए प्रचार प्रसार कराया गया। इससे मतदाताओं की संख्या बूथों पर जुटने लगी है।

## मऊ समाचार

### पूर्वांचल से लेकर पश्चिमी यूपी तक कई परियोजनाओं को दी स्वीकृति : एके शर्मा

**मऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि पूर्वांचल से लेकर पश्चिमी यूपी तक उपभोक्ताओं को निर्बाध, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार ने कई नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए बिजली दरों में किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी न किए जाने पर जिलेवासियों को बधाई दी है। उन्होंने जारी विज्ञप्ति में कहा कि यह निर्णय प्रदेश सरकार की जन केंद्रित नीतियों और उपभोक्ता हितों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पिछले कई वर्षों में सरकार ने विद्युत क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं, जिसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंच रहा है। उत्तर प्रदेश ने एक उपलब्धि हासिल करते हुए लगातार छठे वर्ष भी बिजली दरों में कोई वृद्धि न करने की परंपरा कायम रखी है। यह उपलब्धि प्रदेश को देश का पहला ऐसा राज्य बनाती है, जिसने इतनी लंबी अवधि तक अपने उपभोक्ताओं को स्थिर और किफायती बिजली दरों का लाभ प्रदान किया है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस निर्णय से प्रदेश के करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं को सीधा लाभ होगा। बिजली दरों को स्थिर रखने के पीछे सरकार का उद्देश्य जनता को अनावश्यक आर्थिक बोझ से बचाना है, ताकि आम नागरिकों की जेब पर अतिरिक्त भार न पड़े। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने घोषणा की है कि घरेलू, व्यावसायिक, औद्योगिक, कृषि एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं सहित सभी श्रेणियों (कंज्यूमर कैटेगरी) के लिए बिजली के टैरिफ लगातार छठवें वर्ष भी यथावत रखे गए हैं। इस निर्णय से न केवल घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, बल्कि व्यापारियों, उद्योगों और किसानों को भी लाभ होगा, जिससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

## गोरखपुर समाचार

### मां-बेटी की धारदार हथियार से हत्या

**गोरखपुर।** बदमाशों ने घर में घुसकर धारदार हथियार से मां-बेटी की हत्या कर दी। सोमवार की देर शाम करीब साढ़े 9 बजे दोनों के शव घर में अलग-अलग कमरों में मिले। दोनों के शरीर पर चोट के निशान थे। सूचना मिलते ही शाहपुर थाना पुलिस, डीआईजी और एसएसपी घटना स्थल पर पहुंचे।

फोरेंसिक टीम ने घर का मुआयना किया। डॉग स्क्वायड ने सबूत खंगाले। शुरुआती जांच के मुताबिक, प्रॉपर्टी विवाद को लेकर विवाद था। सरेशाम हुए इस डबल मर्डर से लोगों में दहशत है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। डीआईजी और एसएसपी भी घटना स्थल पर पहुंचे। घटनास्थल की बारीकी से जांच की है। डीआईजी और एसएसपी भी घटना स्थल पर पहुंचे। घटनास्थल की बारीकी से जांच की है। गली में लोगों की भारी भीड़ लग गई।

## जौनपुर समाचार

### कफ सिरप...बिलिंग करने पर हर माह एक लाख तक मिलता था कमीशन




**जौनपुर।** कोडिन युक्त कफ सिरप की तस्करी मामले में रोजाना नया-नया खुलासा हो रहा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक अब तक जिन 12 फर्म संचालकों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है वह बिलिंग के नाम पर हर माह एक-एक लाख रुपये तक का कमीशन पाते थे। हालांकि अभी जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक दर्ज कराए गए प्राथमिकी के मुताबिक सभी झारखंड रांची शैली टेडर्स से सौ-सौ एमएल में कफ सिरप लेते थे। जांच में यह भी सामने आया कि 42.45 करोड़ रुपये की कुल 18 लाख 90 हजार शीशी की खरीदारी करके उसकी बिक्री आसपास के जिलों में दिखाई है। जबकि वास्तविकता में न कोई वह सिरप खरीदे और न ही बेंच, केवल बिलिंग का खेल खेल हुआ है। इसमें शैली टेडर्स रांची, झारखंड के प्रोपराइटर भोला प्रसाद और उनके बेटे शुभम जायसवाल सरगना हैं, जो वर्ष 2023 से जनपद के दवा कारोबारियों को अपने नेटवर्क में लिए और उन्हें बदले में कमीशन देते थे। लालच में आकर यहां के कारोबारी खेल में शामिल हुए, जिनमें 15 के नाम सामने आ चुके हैं। खाद्य एवं औषधि विभाग की ओर से दर्ज कराए गए अब तक 12 फर्मों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

## बलिया समाचार

### एक मतदाता का पंजीकरण केवल एक ही स्थान पर मान्य

**बलिया।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से चल रहा है। ऐसे में फॉर्म भरते समय बेहद सतर्कता बरतना जरूरी है। निर्वाचन विभाग का सख्त निर्देश है कि कोई भी मतदाता एक से अधिक जगह से फॉर्म नहीं भर सकता। कोई व्यक्ति ऐसा करता है या फॉर्म में इसकी गलत जानकारी देता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य के दौरान निर्वाचन विभाग की ओर से पारदर्शिता के साथ इसे समयबद्ध संपन्न को लेकर सख्ती बरती जा रही है। अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि कुछ लोग लापरवाही या गलतफहमी में दो स्थानों से फॉर्म भर देते हैं, जिससे रिकॉर्ड में गड़बड़ी होती है। उन्होंने बताया कि एक मतदाता का पंजीकरण केवल एक ही स्थान पर मान्य होता है। ऐसी स्थिति में यदि कोई व्यक्ति दो जगह से एसआईआर फॉर्म भरते हुए पाया जाता है तो यह नियमों का उल्लंघन माना जाएगा।

## मीरजापुर समाचार

### जिलाधिकारी ने विभिन्न बूथो का किया निरीक्षण, सम्बन्धित को दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत घण्टाघर स्थित बूथ संख्या–334, 335, 336, 337, 338, 339 व श्री माता प्रसाद माता भीख इण्टर कालेज मे बने बूथ संख्या–327, 328, 330, 332, 333, 336, का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बूथों पर लगाए गए कार्मिकों से एसआईआर प्रगति के बारे में जानकारी ली बीएलओ ने बताया कि एक फार्म आनलाइन करने में 3 से 4 मिनट का समय लग रहा है। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि एसआईआर कार्य मे पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य को संपादित करें लापरवाही बरतने वाले सम्बन्धित अधिकारी व बी0एल0ओ0 पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान बूथ संख्या–339 मे आगंबनबाड़ी कार्यकत्री सरोज पाण्डेय के द्वारा कार्य मे लापरवाही बरते जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य मे सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने जनपद के मतदाताओ से अपील करते हुए कहा कि 04 दिसम्बर 2025 तक वे सभी अपना गणना पत्रक बी0एल0ओ0 के पास जमा करना सुनिश्चित करें। इस दौरान गणना पत्रक भरकर जमा करने आ रहे मतदाताओ से वार्ता भी की गयी उनके द्वारा बताया गया कि उन्हे किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही हो रही है। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर गोवा लाल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## चंदौली समाचार

### लाठी-डंडे और शराब की बोतल से पीट-पीटकर युवक की हत्या

**सैयदराजा (चंदौली)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सोगाई-काजीपुर रोड स्थित शराब की दुकान के पास शराब पीने के दौरान उपजे विवाद में कुछ युवकों ने लाठी-डंडे और शराब की बोतल से पीट-पीटकर एक युवक की हत्या कर दी। दूसरे युवक का वाराणसी के ट्रामा सेंटर में उपचार चल रहा है। शुरुआत में पुलिस घटना को सड़क हादसे में मौत का मामला मानकर जांच कर रही थी। बाद में मृतक के पिता रामबलि से बातचीत और सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस दो लोगों को हिरासत में लेकर पड़ताल में जुट गई है। सैयदराजा थाना क्षेत्र के सोगाई के रहने वाले छोटू सिंह (21) व विनायक सिंह (23) का थाना क्षेत्र के सोगाई-काजीपुर रोड के मार्ग पर रात 11:30 बजे के करीब एक शराब की दुकान के करीब दोनों का कुछ युवकों से विवाद हो गया।

## गाजीपुर समाचार

### नुकीले हथियार से नहीं, गोली लगने से हुई थी युवक की मौत

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद कोतवाली के सेमरा में निरुपम की मौत गोली लगने से ही हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। पिता ने बताया कि बेटे ने खुदकुशी की है। वे अग्निवीर परीक्षा की दौड़ में फेल होने से काफी तनाव में था। पुलिस ने रविवार की देर शाम पिता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

युवक के कमरे से असलहा भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। कोतवाल रामसजन नागर ने बताया कि सेमरा गांव निवासी रामकृपाल यादव ने तहरीर देकर बताया कि 22 नवंबर की दोपहर 2 बजे निरुपम कोचिंग करने गाजीपुर गया था। वहां से वह घर आया और खाना खाकर अपने कमरे में चला गया था। परिवार के सभी लोग बाहर थे। इसी दौरान फायर की आवाज सुनाई दी, जब कमरे की तरफ भागकर गए तो देखा कि निरुपम के सीने में गोली लगी थी।उसे उठाकर मुहम्मदाबाद सीएचसी लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को देकर परिवार के सदस्य घर चले आए। बेटे के कमरे में पहुंचे तो देखा कि कपड़े के बीच में एक असलहा पड़ा था। इसके बारे में परिवार के किसी भी सदस्य को कोई जानकारी नहीं थी। असलहे से बेटे ने खुदकुशी कर ली। वह पढ़ने में अधिक तेज था, लेकिन अग्निवीर की परीक्षा में दौड़ में फेल हो गया था। उसी समय से काफी तनाव में चल रहा था। कोतवाल ने बताया कि युवक की मौत गोली लगने से ही हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। पिता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

विसरा सुरक्षित, चोट के नहीं मिले निशान-दुल्हपुर। थाना क्षेत्र के धर्मागतपुर (पोपरहां) गांव में बीते 23 नंबर की सुबह भूमि विवाद के दौरान मारपीट में श्रीराम चौहान (66) की मौत हो गई थी।

## देवरिया समाचार

### हादसे में घायल युवक की मौत

**घांटी बाजार।** सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान रविवार की देर रात मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को खनुवा नदी के किनारे अंतिम संस्कार किया गया। भटनी के बलुआ अफगान बाजार टोला निवासी 20 वर्षीय गोलू मद्धेशिया पुत्र मोहन कानू एक सप्ताह पहले किसी काम से बिहार के गोपालगंज जिले के पंदेवरी चट्टी गांव में अपने दोस्तों के साथ गया था। बाइक से वापस लौटते समय रात को कटेया के पास सड़क हादसे में घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान रविवार की रात उसकी मौत हो गई। सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद दरवाजे पर शव पहुंचा तो घर वालों में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

## भदोही समाचार

### लापरवाही का निवाला बनीं तीन जिंदगियां



**ज्ञानपुर।** औराई के उगापुर स्थित सूर्या कार्पेट कंपनी में सोमवार को हुई तीन कर्मियों की मौत की हृदय विदारक घटना का सबब लापरवाही बनी। डाइंग प्लांट की टंकी में उतरते समय कर्मचारी सेफ्टी ड्रेस नहीं पहने थे। श्रम विभाग ने इसकी जांच शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि कर्मचारी अगर सेफ्टी ड्रेस पहने होते तो उनकी जान बच सकती थी। जिले में छोटी-बड़ी कुल 350 कालीन कंपनियां हैं। जहां तैयार होने वाली कालीनों को विभिन्न देशों में निर्यात किया जाता है। मखमली कालीनों को तैयार करने वाली कंपनियों में अक्सर सुरक्षा मानकों का ध्यान नहीं दिया जाता। औराई के उगापुर में हुई घटना तो एक बानगी है। इसके पूर्व भदोही में करीब तीन साल पूर्व एक बुनकर की मौत हो गई थी। उगापुर स्थित कालीन कंपनी में सुरक्षा नियमों को तार-तार किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज शर्मा ने बताया कि किसी भी प्लांट में कर्मचारी या मजदूर को उतारने से पहले उसे सेफ्टी ड्रेस पहनाया जाता है, जिससे अगर कोई जहरीली गैस निकलती है तो उन्हें बाहर निकलने का मौका मिल जाता है। यहां पर सभी को सामान्य ड्रेस में ही टैंक में उतार दिया गया। इस प्रकरण की जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि दूसरी कालीन कंपनियों में भी सुरक्षा मानकों का सत्यापन किया जाएगा। एक को बचाने में चली गई तीन जानें : कालीन कंपनी के डाइंग प्लांट में एक कर्मचारी को बचाने में चार लोग जहरीली गैस के शिकार हो गए। इनमें तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक अस्पताल में भर्ती है। सोमवार को डाइंग प्लांट के सबमर्सिबल पंप लगाने के लिए कंपनी में कार्यरत रामसूरत यादव उतरे और बेहोश हो गए। उन्हें बचाने के चक्कर में लेखा-जोखा का कार्य देख रहे शीतला प्रसाद मिश्र टैंक में उतरे, वह भी बेहोश हो गए। इसके बाद सुपरविजन का कार्य देख रहे शिवम दुबे उतरे तो वह भी अचेत हो गए। इलेक्ट्रिशियन राज किशोर तिवारी साथियों को बचाने के लिए जैसे ही टैंक में जाने लगे वह भी जहरीली गैस की चपेट में आ गए।

## आजमगढ़ समाचार

### 5000 रुपये मांगने का आरोपी एसआई निलंबित



**आजमगढ़।** एसपी डॉ. अनिल कुमार ने घूस मांगने आरोपी एसआई को निलंबित कर दिया है। आरोपी एसआई एक व्यक्ति से मारपीट मामले की विवेचना में पांच हजार रुपये की मांग कर रहा था। आरोपी एसआई के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी आकाश चौहान ने एसपी डॉ. अनिल कुमार को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान सोनू प्रजापति एवं उसके साथियों ने पुरानी रंजिश के चलते उनके साथ मारपीट की थी। इस संबंध में थाना देवगांव में तीन नामजद आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया था, जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक लालबहादुर प्रसाद द्वारा की जा रही थी। वादी आकाश चौहान ने आरोप लगाया कि विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक लालबहादुर प्रसाद ने आरोपियों को जेल भेजने, चार्जशीट लगाने तथा त्वरित कार्रवाई करने के नाम पर उनसे 5000 रुपये की मांग की।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने मामले की जांच के लिए क्षेत्राधिकारी लालगंज को जिम्मेदारी सौंपी। क्षेत्राधिकारी द्वारा की गई जांच में यह तथ्य प्रथमदृष्टया सत्य पाया गया कि एसआई लालबहादुर प्रसाद ने वादी से अवैध धन की मांग की थी।

## प्रयागराज समाचार

### ट्रक की टक्कर से चाचा-भतीजे की मौत, दंपती घायल

**प्रयागराज।** सोरांव थाना क्षेत्र के बारजी गांव में रविवार सुबह अनियंत्रित ट्रक ने दो बाइक पर सवार चाचा-भतीजे को रौंद दिया। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। भागने के प्रयास में आरोपी ने तीसरी बाइक पर सवार दंपती को भी टक्कर मार दी। उनकी हालत गंभीर है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर दो घंटे तक हंगामा किया। पुलिस अधिकारी व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के आश्वासन पर पीड़ित परिजन शवों के पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। वहीं, पुलिस ने ट्रक चालक को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक चालक वाहन चलाना सीख रहा था। इसी दौरान ट्रक अनियंत्रित हो गया और तीन बाइक पर सवार लोग चपेट में आ गए। हादसे में दो अलग-अलग बाइक पर सवार कलंदरपुर के सिसई गांव निवासी राजमिस्त्री अमृत लाल गौतम (55) और उनके भतीजे विनोद कुमार (30) की मौत हो गई। वहीं, तीसरी बाइक पर रमेश कुमार निवासी त्रिलोकपुर थाना बहरिया अपनी पत्नी मनीता के साथ सवार थे। वह ससुराल सराय दीना से निमंत्रण कर लौट रहे थे। ट्रक की टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है। जहां उनकी हालत गंभीर है। मृतक अमृत लाल के बेटे संदीप के अनुसार, रविवार सुबह पिता पड़ोस के भैया के साथ काम पर जा रहे थे लेकिन कुछ सामान लेने के लिए घर आए थे। दोबारा घर से जाने के दौरान बारजी गांव के पास हादसे का शिकार हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने की कोशिश की। जिस पर परिजन भड़क गए और बरजी–कलंदरपुर मार्ग पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया। करीब दो घंटे तक मार्ग बाधित रहा। मामला बिगड़ता देख एसीपी कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। इस दौरान भीड़ व पुलिस के बीच धक्कामुक्की भी हुई। सूचना पर एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, सोरांव विधायक गीता शास्त्री समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाया। जनप्रतिनिधियों ने मृतकों के परिजनों को किसान बीमा के तहत पांच-पांच लाख रुपये, घायलों के इलाज की पूरी व्यवस्था करने, मृतकों के बच्चों को आउटसोर्सिंग से नौकरी दिलाने और परिवार को पांच बीघे जमीन दिलाने का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद परिजन माने और पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ट्रक की टक्कर से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं।

## लाइफ मंत्र

### 'पीपल की पूजा' से जुड़े ये रहस्य कम ही लोग जानते हैं



दधीचि पुत्र पिप्पलाद ने जब अपनी माता से पिता की देवताओं द्वारा अस्थियां मांगे जाने और उनसे बने वज्र से अपने प्राण बचाने की कथा सुनी तो उनके मन में देवताओं के प्रति घृणा उपजी। ''इनसे पिता को 'सताने' का बदला लूंगा।'' ऐसा संकल्प करके पिप्पलाद तप करने लगे। कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव प्रकट हुए और बोले, ''वर मा-गो''। पिप्पलाद ने नमन किया और बोले, ''प्रभु! अगर आप प्रसन्न हैं तो अपना रुद्र रूप प्रकट कीजिए और इन देवताओं को जलाकर भस्म कर दीजिए।'' शिव स्तब्ध रह गए पर वचन तो पूरा करना ही था। देवताओं को जलाने के लिए तीसरा नेत्र खोलने का उपक्रम करने लगे। इस आरम्भ की प्रथम परिणति यह हुई कि पिप्पलाद का रोम-रोम जलने लगा वह चिल्लाए और बोले, ''प्रभु! यह क्या हो रहा है? देवता नहीं, उल्टा मैं ही जला जा रहा हूं।'' शिव ने कहा, ''देवता तुम्हारी देह में ही समाए हुए हैं। अवयवों की शक्ति उन्हीं की सामर्थ्य है। देव जलें और तुम अछूते बचे रहो यह तो सम्भव नहीं है।''

पिप्पलाद ने अपनी याचना वापस ले ली तो शिव ने कहा, ''देवताओं ने त्याग का अवसर देकर तुम्हारे पिता को कृत्य और तुम्हें गौरवान्वित किया है। मरण तो होता ही, न तुम्हारे पिता बचते न काल के ग्रास से वृत्रासुर बचा रहता। यश, गौरव प्राप्त करने का लाभ प्रदान करने के लिए देवताओं के प्रति कृतज्ञ होना ही उचित है।'' पिप्पलाद का भ्रम दूर हो गया। उनकी तपस्या आत्म कल्याण की दिशा में मुड़ गई। पिप्पलाद को ही पीपल कहते हैं। उनके त्याग, साधना और परोपकार की भावना के कारण उन्हें पूजा जाने लगा।

पीपल समस्त वृक्षों में सबसे पवित्र इसलिए माना गया है क्योंकि स्वयं भगवान श्री हरि विष्णु जी पीपल में निवास करते हैं। श्रीमद् भागवत गीता में स्वयं भगवान श्री कृष्ण अपने श्रीमुख से उच्चारित किए हैं कि वृक्षों में मैं 'पीपल' हूं। स्कंद पुराण अनुसार पीपल के मूल (जड़) में विष्णु, तने में केशव, शाखाओं में नारायण, पत्तियों में भगवान हरि और फलों में समस्त देवताओं से युक्त भगवान सदैव निवास करते हैं। ऑक्सीजन 'प्राण वायु' कही जाती है। प्रत्येक जीवधारी ऑक्सीजन लेता है और कार्बनडाई ऑक्साइड छोड़ता है। ऑक्सीजन देने के अतिरिक्त पीपल में अन्य अनेक विशेषताएं हैं जैसे इसकी छाया सर्दी में गर्मी देती है और गर्मी में शीतलता देती है। इसके अतिरिक्त पीपल के पत्तों से स्पर्श करने से वायु में मिले संक्रामक वायरस नष्ट हो जाते हैं। आयुर्वेद के अनुसार इसकी छाल, पत्तों और फल आदि से अनेक प्रकार की रोगनाशक दवाएं बनती हैं। इस दृष्टि से भी पीपल पूजनीय हैं।

## सोनी ने भारत में Black Friday Sale का किया ऐलान, PlayStation5 मॉडल पर जबरदस्त छूट पाएं, Amazon पर जल्द करें ऑर्डर



सोनी ने भारत में PlayStation 5 पर 5,000 रुपये तक की छूट के साथ एक विशेष ब्लैक फ्राइडे सेल की घोषणा की है, जो 21 नवंबर से 4 दिसंबर, 2025 तक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध होगी, जिसमें PS VR 2 और इए पोर्टल पर भी आकर्षक ऑफर शामिल हैं। इस सेल में इए5 कंसोल, गेम्स जैसे मार्वल्स स्पाइडर-मैन 2 और एस्ट्रो बॉट, एक्सेसरीज पर भी बढ़िया डिस्काउंट मिल रहा है, जो गेमर्स के लिए PS5 खरीदने का एक सुनहरा मौका है। सोनी इस हफ्ते भारत में एक खास ब्लैक फ्राइडे सेल लेकर आ रही है और आप इस मौके का फायदा उठाकर PlayStation 5 कंसोल पर अच्छी छूट पा सकते हैं। यह सेल इस हफ्ते के अंत यानी 21 नवंबर को शुरू होकर दिसंबर की शुरुआत तक चलेगी, जहां आप आकर्षक छूट के साथ कंसोल, गेम्स या एक्सेसरीज भी खरीद सकते हैं। लेकिन अगर आप पिछली सेल में PS 5 कंसोल खरीदने से चूक गए हैं, तो आपके पास इसे खरीदने का एक और मौका है।

**भारत में सोनी ब्लैक फ्राइडे सेल शुरु**

सोनी ब्लैक फ्राइडे सेल में आप PS 5 का फिजिकल या डिजिटल एडिशन लगभग 49,990 रुपये और 44,990 रुपये में खरीद सकते हैं। कंसोल पर 5,000 रुपये की छूट आपके काम आ सकती है क्योंकि आप बाकी बचे पैसों में दूसरे कंट्रोलर या गेम खरीद सकते हैं। डुअलसेंस कंट्रोलर पर 2,000 रुपये की छूट मिल रही है, जबकि एज वर्जन की कीमत सामान्य कीमत से 3,000 रुपये कम है। इतना ही नहीं, PS VR 2 मॉडल पर भी 10,000 रुपये की छूट मिल रही है जिससे आप इसे सिर्फ 34,999 रुपये में खरीद सकते हैं। और आखिर में, इए पोर्टल डिवाइस 16,990 रुपये में उपलब्ध होगा। इस सेल में एस्ट्रो बॉट, मार्वल के स्पाइडर मैन 2 और भी कई गेम्स शामिल हैं। सोनी ब्लैक फ्राइडे ऑफर 21नवंबर, 2025 से शुरू होकर और देश में 5 दिसंबर तक चलेगा। सोनी को प्लेस्टेशन 5 सीरीज के कंसोल्स से बड़ी सफलता मिली है और लाखों लोगों ने इसे खरीदा है। कंपनी ने PS6 पर काम शुरू कर दिया है, जिससे PS 5 मॉडल की शेल्फ लाइफ और कंपनी द्वारा इसे बाजार में कब तक बेचा जाएगा, इस बारे में चिंताएं पैदा हो गई हैं। तकनीकी कारणों से PS 5 प्रो मॉडल भारत में लॉन्च नहीं हुआ, जिसका मतलब है कि मूल PS5 अभी भी देश में सबसे अच्छा विकल्प है, कम से कम आधिकारिक चैनलों के माध्यम से। ब्रांड का इरादा पुराने संस्करण को तुरंत बंद करने और लोगों को एक यूनिट खरीदने के लिए कुछ समय देने का नहीं है, शायद सामान्य से बेहतर सौदे के लिए।

**ऑनलाइन व ऑफलाइन खरीद सकते हैं**

बिक्री की तारीखें: 21 नवंबर से 4 दिसंबर, 2025
- ऑनलाइन स्टोर: अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट और जेप्टो
- ऑफलाइन स्टोर: सोनी सेंटर, क्रोमा, रिलायंस डिजिटल, विजय सेल्स और अन्य अधिकृत प्लेस्टेशन रिटेलर

**PS5 Game पर मिल रहा धांसू डिस्काउंट**

- लॉस्ट सोल असाइड - 3,199 रुपये (1,000 रुपये की छूट)
- डेथ स्ट्रैंडिंग 2 - 4,199 रुपये (1,000 रुपये की छूट)
- एस्ट्रो बॉट - 3,199 रुपये (1,000 रुपये की छूट)
- होराइज़न ज़ीरो डॉन रीमास्टर्ड - 1,599 रुपये (1,600 रुपये की छूट)
- मार्वल्स स्पाइडर-मैन 2 - 2,599 रुपये (2,600 रुपये की छूट)
- द लास्ट ऑफ़ अस पार्ट 2 रीमास्टर्ड - 2,099 रुपये (1,100 रुपये की छूट)।



## जीमेल यूजर्स सावधान! कहीं Google आपके ईमेल से AI को ट्रेनिंग तो नहीं दे रहा? सेटिंग्स में करें ये बदलाव!

**गूगल पर जीमेल यूजर्स के ईमेल, अटैचमेंट और बातचीत का उपयोग एआई मॉडल ट्रेनिंग के लिए करने का गंभीर आरोप लगा है, हालांकि जीमेल ने इसका खंडन किया है, फिर भी प्राइवेसी को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। ऐसे में, यूजर्स अपने जीमेल की सेटिंग्स में जाकर 'Smart features and personalization' के तहत 'Turn on smart features in Gmail, Chat and Meet' और 'Manage Workspace smart feature settings' को बंद करके अपनी डेटा प्राइवेसी सुनिश्चित कर सकते हैं। यह कदम विशेष रूप से गूगल के Gemini AI और अन्य AI फीचर्स से डेटा के दुरुपयोग को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है, ताकि आपकी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रहे।**

जीमेल यूजर्स सावधान! कहीं Google आपके ईमेल से AI को जो लोग Gmail का इस्तेमाल करते हैं, उनके लिए यह खबर बेहद काम की है। सोशल मीडिया पर दावे किए जा रहे हैं कि गूगल यूजर के जीमेल का प्रयोग अपने AI मॉडल को ट्रेनिंग देने के लिए कर रहा है। इतना ही नहीं, गूगल ना केवल आपके ईमेल बल्कि अटैचमेंट, बिल और पर्सनल बातचीत का इस्तेमाल कर रहा है।

इस बीच, जीमेल ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह साफ कर दिया है कि वह अपने Gemini मॉडल को ट्रेनिंग देने के लिए जीमेल कंटेंट का उपयोग नहीं कर रहा है। इसके बाद भी अगर आप जीमेल अकाउंट को पूरी तरह से सेफ करना चाहते हैं, तो सेटिंग में कुछ ऑप्शन को बंद कर सकते हैं।

**गूगल पर लगे आरोप**

आपको बता दें कि, दावा किया जा रहे हैं कि गूगल, जीमेल के Smart Compose और ऑटोमेटेड सुझाव जैसे फीचर्स के माध्यम से उपयोगकर्ताओं के डेटा का इस्तेमाल अपने एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए करता है। हालांकि, जीमेल ने एक पोस्ट जारी कर स्पष्ट किया है कि ये स्मार्ट फीचर्स कई वर्षों से मौजूद हैं और उनकी सेटिंग्स में किसी प्रकार का नया बदलाव नहीं किया गया है।

**डेस्कटॉप और ऐप दोनों में मिलेगा ऑप्शन**

अब आप जीमेल में कुछ मामूली बदलाव करके गूगल को अपनी डिटेल का इस्तेमाल करने से रोक सकते हैं। जीमेल ऐप और वेब दोनों से ही सेटिंग में इस ऑप्शन को ऑफ किया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले आप डिवाइस में जीमेल ओपन करना होगा। इसके बाद राइट साइड में सबसे ऊपर सेटिंग का ऑप्शन मिलेगा। यदि आपने जीमेल का डेस्कटॉप वर्जन को ओपन किया है कि 'See all settings' सिलेक्ट करें। वहीं, मोबाइल ऐप के लिए 'Settings' पर क्लिक कर दें।

**बंद करें ये ऑप्शन**

- इसके बाद स्क्रॉल करें। यहां आपको 'Smart features and personalization' सेक्शन दिखेगा।
- इसके बाद 'Turn on smart features in Gmail, Chat and Meet' में जाएं और ऑप्शन को अनचेक कर दें।
- अब Saves Changes पर क्लिक करें।
- इससे Smart Compose और ऑटोमेटेड सुझाव जैसी चीजें बंद हो जाएंगी और इन सुविधाओं के जरिए गूगल आपके ईमेल के कंटेंट का इस्तेमाल मॉडल ट्रेनिंग के लिए नहीं कर सकेगा।

**इन ऑप्शन को करें बंद**

- आपको बताते चलें कि गूगल Calender, Drive Deewj Assistant जैसे दूसरे प्रोडक्ट्स में AI सुविधाओं को बेहतार बनाने के लिए भी यूजर के जीमेल डेटा का इस्तेमाल करता है। इसको बंद कर सकते हैं।
- इसके बाद आप जीमेल की सेटिंग में जाना होगा।
- अब See all settings पर जाएं। फिर नीचे स्क्रॉल करके 'Manage Workspace smart feature settings' पर क्लिक करें।
- इसके बाद 'Smart features in Google Workspace' और Smart features in other Google products' दोनों को बंद कीजिए।

## 'edmi K90 Series लॉन्च: 50MP पेरिस्कोप कैमरा और 7500mAh बैटरी के साथ Bose स्पीकर का धमाका



Redmi K90 थोड़ा कॉम्पैक्ट मॉडल है लेकिन इसमें भी हाई-एंड फीचर्स मौजूद हैं। इसमें 6.59 इंच की 2K AMOLED डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 2510× 1156 पिक्सल है। यह भी 120Hz रिफ्रेश रेट और 3500nits ब्राइटनेस के साथ आती है। टेक्नोलॉजी की दुनिया में आज का दिन शाओमी (Xiaomi) के लिए खास है। कंपनी की सब-ब्रांड रेडमी (Redmi) ने चीन में अपनी नई Redmi K90 ऐीगे को लॉन्च कर दिया है। इस सीरीज में Redmi K90 और Redmi K90 Pro Max शामिल हैं। दोनों ही 5G फोन पावरफुल प्रोसेसर, 16GB रैम, 50MP पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरा और लंबी बैटरी लाइफ जैसी शानदार खूबियों के साथ आए हैं। आइए जानते हैं इस नए लॉन्च की पूरी डिटेल,

**रेडमी K90 सीरीज: कीमत और वैरिएंट**

रेडमी ने K90 सीरीज को दो-दो स्टोरेज ऑप्शंस में पेश किया है।
- Redmi K90 की शुरुआती कीमत चीन में 2,599 युआन (करीब रू.32,000) रखी गई है।
- वहीं Redmi K90 Pro Max की कीमत 3,999 युआन (करीब रू49,000) से शुरू होती है।

कंपनी ने पुष्टि की है कि भारत में ये दोनों फोन POCO ब्रांड के तहत POCO F8 और POCO F8 Ultra के नाम से लॉन्च किए जाएंगे।

**रेडमी K90 प्रो मैक्स: शानदार डिस्प्ले और डिजाइन**

Redmi K90 Pro Max में 6.9 इंच की 2K 12-बिट AMOLED डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 2608× 1200 पिक्सल है। यह स्क्रीन 120Hz रिफ्रेश रेट, 2560Hz इंस्टेंट टच सैंपलिंग और 3500nits पीक ब्राइटनेस सपोर्ट करती है। डिस्प्ले में 3D अल्ट्रासोनिक इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर दिया गया है, जो पहले से तेज और सटीक है। फोन IP68 रेटेड है, यानी यह पानी और धूल दोनों से सुरक्षित रहेगा। डिजाइन की बात करें तो कंपनी ने इसे प्रीमियम ग्लास बॉडी और मेटल फ्रेम के साथ तैयार किया है।

**कैमरा सेटअप: फोटोग्राफी के नए मानक**

'edmi K90 Pro Max में ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप है जिसमें –
- 50MP मेन सेंसर,
- 50MP अल्ट्रा-वाइड एंगल (102°),
- और 50MP 5x पेरिस्कोप टेलीफोटो लेंस शामिल हैं।

यह कैमरा सिस्टम न सिर्फ नाइट फोटोग्राफी बल्कि लॉन्ग-डिस्टेंस शॉट्स में भी बेहतरीन क्वालिटी देता है। फ्रंट में 20MP सेल्फी कैमरा दिया गया है जो HDR सपोर्ट और AI ब्यूटी मोड के साथ आता है।

**पावरफुल परफॉर्मेंस और नया प्रोसेसर**

यह फोन क्वालकॉम के लेटेस्ट Snapdragon 8 Elite Gen 5 चिपसेट पर चलता है, जो अल्ट्रा-फास्ट प्रोसेसिंग और ग्राफिक्स परफॉर्मेंस देता है। इसके साथ नया GEX मॉड्यूल और D2 ग्राफिक्स चिप दी गई है, जो गेमिंग को स्मूद बनाती है। फोन को ठंडा रखने के लिए इसमें शाओमी का सबसे बड़ा $6700mm^2$ हीट डिस्पर्शन सिस्टम मौजूद है। यानी लंबे गेमिंग सेशन में भी यह फोन गर्म नहीं होता।

**रैम, स्टोरेज और बैटरी**

Redmi K90 Pro Max में 16GB LPDDR5X रैम और 1TB तक की UFS 4.1 स्टोरेज दी गई है। पावर के लिए इसमें 7560mAh की बैटरी मौजूद है।

यह तीन तरह की चार्जिंग सपोर्ट करता है –
- 100W वायर्ड फास्ट चार्जिंग,
- 50W वायरलेस चार्जिंग,
- और 22.5W रिवर्स चार्जिंग।

इसके अलावा फोन में Bose ऑडियो सिस्टम दिया गया है, जो साउंड क्वालिटी को नया अनुभव देता है।

**रेडमी K90: दमदार फीचर्स के साथ कॉम्पैक्ट वेरिएंट**

Redmi K90 थोड़ा कॉम्पैक्ट मॉडल है लेकिन इसमें भी हाई-एंड फीचर्स मौजूद हैं। इसमें 6.59 इंच की 2K AMOLED डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 2510× 1156 पिक्सल है। यह भी 120Hz रिफ्रेश रेट और 3500nits ब्राइटनेस के साथ आती है।

**फोन में ट्रिपल कैमरा सेटअप है जिसमें –**
- 50MP मेन कैमरा,
- 8MP अल्ट्रा-वाइड एंगल (120°),
- और 50MP 2.5x पेरिस्कोप लेंस शामिल हैं।

**सॉफ्टवेयर, कनेक्टिविटी और परफॉर्मेंस**

Redmi K90 Xiaomi HyperOS 3 पर चलता है। यह सिस्टम हल्का और अधिक स्मूद अनुभव देता है। फोन में Snapdragon 8 Elite Processor और Adreno 830 GPU का कॉम्बिनेशन है।

कनेक्टिविटी के लिए इसमें


कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप




मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ




होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170